और तोड़ो यातायात नियम

नादौन पुलिस ने काटे दो स्कूल बसों के चालान, दी चेतावनी

हिमाचल दस्तक। नादौन

नादौन में वाहनों का निरीक्षण करते थाना प्रभारी प्रवीण राणा।

बीरवार को भी नादौन पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए अपना अभियान जारी रखा। इस दौरान थाना प्रभारी प्रवीण राणा की अगुआई में पुलिस ने स्थानीय मिनी सचिवालय परिसर के निकट एक नाका लगाकर वाहनों का निरीक्षण किया। नाके के दौरान दो स्कूल बसों के चालान किए गए। जबकि 30 के करीब अन्य वाहनों के चालान काटे गए। थाना प्रभारी प्रवीण राणा ने बताया कि अभी तक करीब 10 चालान पॉलिथिन, एक चालान खनन अधिनियम के अंतर्गत तथा करीब 30 चालान अन्य वाहनों के काटे गए हैं।

उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि कोई भी वाहन चालक नियमों की उल्लंघना करता हुआ पकड़ा गया, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राणा ने बताया कि अब पुलिस ने नादौन शहर को प्लास्टिक व पॉलिथीन मुक्त करने के लिए विशेष अभियान आरंभ किया है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले इन दोनों प्लास्टिक व पॉलिथीन को हटाने के लिए निरीक्षण अभियान आरंभ किया गया है।

उन्होंने दुकानदारों व लोगों से आग्रह किया है कि वे इनका प्रयोग न करें। साथ ही उन्होंने लोगों से भी इनके विकल्पों का प्रयोग करने की हिदायत दी है। उन्होंने इनका प्रयोग कर रहे दुकानदारों को चेतावनी दी है कि यदि इनका प्रयोग करता हुआ कोई पकड़ा गया, तो उसके विरुद्ध नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

नादौन ब्यास नदी के तट पर लें राफ्टिंग का आनंद

नादौन। नादौन ब्यास नदी के तट पर अब लोग रिवर राफ्टिंग का आनंद ले सकेंगे। नदी में अब यह व्यवस्था आरंभ कर दी गई है। जानकारी देते हुए एसडीएम किरण भड़ाना आईएएस अधिकारी ने बताया कि कुछ ही दिन पूर्व यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने बताया कि आज शुक्रवार को उन्होंने इस कार्य में लगे संबंधित लोगों की टीम को अपने कार्यालय में बुलाया गया है ताकि उन्हें आ रही समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने बताया कि नादौन को पर्यटन की दृष्टि से उभारने के लिए लंबित पड़ी इस योजना पर प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुजानपुर से नादौन तक इस कार्य के लिए सबसे अच्छा ट्रैक माना गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में क्षेत्र के लोगों व पर्यटकों को यह सुविधा व्यापक स्तर पर उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि लोग ब्यास नदी पर राफ्टिंग का आनंद ले सकें।

डिडवीं टिक्कर में अवैध कब्जा, होगी कार्रवाई

हमीरपुर। *हमीरपुर से 10 किलोमीटर दूर डिडवीं टिक्कर के ऑटोमॉबाइल हब टाटा मोटर के शोरूम के सामने एनएच 88 पर किसी व्यक्ति ने दिनदहाड़े अतिक्रमण कर लिया है। एनएच के नियमानुसार सड़क के 5 मीटर की दूरी तक किसी प्रकार का स्थाई ढांचा निर्मित नहीं किया जा सकता है। लेकिन पहले से अतिक्रमण के शिकार डिडवीं टिक्कर में एनएच 88 पर बेखौफ अतिक्रमण का कार्य सरेआम शुरू है। इस अतिक्रमण में सड़क के एकदम साथ पिल्लर खड़े करके अब लेंटल की तैयारी की जा रही है, उधर, एनएच अथॉरटी के एक्सईएन केसी कानूनगो ने कहा कि एनएच पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। अतिक्रमणकारी को नोटिस भेजा जा रहा है। इसके खिलाफ विभाग कार्रवाई अमल में लाएगा।*

-हिमाचल दस्तक

ब्रीफ न्यूज

नियुक्ति पर दी बधाई

हमीरपुर। रमेश शर्मा के मंडला अध्यक्ष बनने के बाद एपीएमसी हमीरपुर के चेयरमैन अजय शर्मा ने बधाई दी।

निरंजन जैन की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

नादौन। विजय वल्लभ शिक्षा महाविद्यालय के संस्थापक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वर्गीय निरंजन जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के वर्तमान चेयरमैन अजय जैन, वाइस चेयरमैन निर्मल जैन, सचिव आशीष जैन, स्वर्गीय निरंजन जैन की पत्नी स्नेहलता जैन, माता जमुना देवी जैन परिवार के अन्य सदस्यों तथा कार्यकारिणी के सदस्यों शहरी महिला कांग्रेस अध्यक्ष चारू जैन, शालिनी जैन, नैंसी जैन, शुशांत जैन प्रधानाचार्य डॉ. अनामिका शर्मा, प्रवक्ता राजेश वर्मा, मोनिका ठाकुर, संदीप कुमार, गुलशन डोगरा सहित प्रशिक्षुओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

छात्राएं सीखेंगी आत्मरक्षा के गुर

भोरंज। भोरंज उप मंडल के अंतर्गत आने वाली राजकीय उच्च पाठशाला लुद्दर महादेव में दस दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। होमगार्ड के महिला व पुरुष दो प्रशिक्षक लड़कियों को आत्मरक्षा से परिपक्व बनाएंगे। स्कूल के मुख्याध्यापक रमेश चंद ठाकुर ने लड़कियों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण शिविर का पूरा लाभ उठाएं। गृह रक्षा विभाग के प्रशिक्षक होमगार्ड जगजीत सिंह, अमिता देवी ने छात्राओं से आत्मरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहने की अपील की। स्कूली छात्रा प्रियंका कुमारी, अल्पना कुमारी, प्रियंका, मोनिका, अंजलि देवी, पूजा देवी, प्रियंका, नीता, रिया कौशल, जमना देवी, अनीषा कुमारी, अरूणा कुमारी, सुहानी ठाकुर व अन्य लड़कियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षित कला स्नातक नरेंद्र कुमार अनीता, शारीरिक शिक्षक राज कुमार, मलकीयत सिंह, अनिल वर्मा, मिन्हास, व अन्य शिक्षक उपस्थित थे। सचित्र 20 के साथ

करियर प्वाइंट विवि में कैंपस प्लेसमेंट

भोरंज। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में आरएसके इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा छात्रों की कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनी की तरफ से सीनियर इंजीनियर सूरज शर्मा ने बीबीए और बीटेक मैकेनिकल विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्लेसमेंट में 16 विद्यार्थियों ने सबसे पहले लिखित परीक्षा दी और उसके बाद पर्सनल इटंव्यू हुआ। इसमें 6 विद्यार्थियों को चयनित किया गया है व अंतिम चयन प्रक्रिया के लिए दिल्ली बुलाया जायगा। चयनित विद्यार्थियों को कस्टमर स्पोर्ट इंजीनियर के पद पर नियुक्त किया जाएगा। इन विद्यार्थियों को 2.5 लाख का पैकेज दिया गया है। यह जानकारी विवि के अस्सिटेंट डीन विनोद कुमार सेंटर ऑफ कॉपरेटिव स्टडीज एंड प्लेसमेंट द्वारा दी गई। विवि प्रशासन व प्रोफेसरों ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

पदोन्नत स्कूल प्रवक्ता संघ का चुनाव 3 को

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्रवक्ता संघ जिला हमीरपुर इकाई के द्विवार्षिक चुनाव 3 नवंबर को होंगे। यह चुनाव सर्वहित सुधार सभा के सभागार में आयोजित होंगे। करीब 500 प्रवक्ताओं की संघ में सदस्यता होने के कारण इस चुनाव में काफी गहमागहमी रहने के आसार है। इसी के मद्देनजर 1 नवंबर को संघ के पदाधिकारियों की बैठक सीसे हमीरपुर मे रखी गई है। इस चुनाव के प्रभारी बिलासपुर जिला के प्रवीण चंदेल और पर्यवेक्षक यशपाल रणौत होंगे।

रमेश बने हमीरपुर बीजेपी के सरदार

◆ताजपोशी पर स्व. जगदेव चंद ठाकुर को किया याद

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

मैं जीवन के सियासी सफर में जैसा भी हूं, जो कुछ भी हूं स्व. जगदेव चंद ठाकुर की बदौलत हूं। हमीरपुर बीजेपी मंडलाध्यक्ष की जिम्मेदारी देने के लिए शीष पार्टी नेतृत्व का आभार व उपकार मानता हूं। इस जिम्मेदारी की जवाबदेही के लिए पार्टी में बड़ों का मार्गदर्शन व छोटों का साथ सहयोग चाहूंगा। संगठन को पार्टी हित में मजबूत करने के लिए मैं यथाशक्ति प्रयासरत रहने के लिए वचनबद्ध हूं।

-रमेश शर्मा, नव नियुक्त मंडलाध्यक्ष हमीरपुर

रमेश चंद शर्मा को हमीरपुर बीजेपी क्षेत्र का नवनियुक्त अध्यक्ष बनाया गया है। रमेश शर्मा नाल्टी के रहने वाले हैं। पोस्ट ग्रेजुएट तक उच्च हासिल किए हुए रमेश शर्मा ने समाज सेवा के लिए दो मर्तवा सरकारी नौकरी ठुकरा चुके हैं। बीएड, डब्बल एमए की डिग्रियों के साथ कमिशन क्वॉलिफाई करने के बावजूद रमेश शर्मा ने नौकरी को ठुकरा कर समाज सेवा को तरजीह दी। 1983 में हमीरपुर में जनसंघ के संस्थापक रहे, स्व. ठाकुर जगदेव चंद की अंगुली पकड़ कर कड़क अनुशासन में राजनीति का पाठ पढ़ा। रमेश शर्मा दो मर्तवा जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहने के बाद बीडीसी हमीरपुर के वाइस चेयरमैन के बाद जिला पार्षद भी रह चुके हैं। 7 दिसंबर, 1960 को जन्मे रमेश चंद को चुनावी व संगठनात्मक राजनीति का लंबा व गहरा अनुभव है। रमेश चंद के परोक्ष के बावजूद प्रत्यक्ष चुनाव में सिर्फ उन्हीं के नाम का नोमिनेशन सामने आया । मंडल चुनाव के प्रभारी प्रो. राम कुमार को एक नाम सामने आने के कारण रमेश चंद को मंडलाध्यक्ष नियुक्त होने की घोषणा करनी पड़ी। रमेश चंद स्व. ठाकुर जगदेव चंद के अन्नय शागिर्दों में शुमार है। स्व. ठाकुर जगदेव चंद परिवार से उनका सीधा सियासी नाता रहा है। शायद इसी एक कारण से नरेंद्र ठाकुर भी रमेश चंद के पक्षधर हैं। जब भी जगदेव चंद के परिवार को पार्टी व निजी समर्थकों को आगे बढ़ने का मौका मिला है, तब-तब उन्होंने अपने समर्थकों का तरजीह दी। रमेश चंद की ताजपोशी भी इन्हीं सियासी बफादारियों व फरमाबदारियों का प्रणाम व परिणाम है।

महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन

नादौन। जे एंड की औद्योगिक एवं तकनीकी सलाहकार संगठन समिति के तत्वावधान में नादौन के माइक्रोटेक इंफोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ आईटी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हुआ। समिति की ओर से जानकारी देते हुए दलजीत सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम एक माह तक चला। इसमें विज्ञान स्नातक की 31 किशोरियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उद्यमी बनाने तथा उनमें स्वरोजगार की भावना पैदा करना था। इस दौरान प्रशिक्षुओं को कई स्थलों का भ्रमण भी करवाया गया। जबकि विषय विशेषज्ञों ने उन्हें प्रशिक्षित किया। इस दौरान शाखा प्रबंधक आरएल परमार, समिति की ओर से सुरेश धीमान विषय वाद विषेशज्ञ कृषि विभाग, वीके अवस्थी पीएनबी, प्रवेश कुमार उद्योग प्रसार अधिकारी, विजय कुमार, डीआर पटयाल, निशा कुमारी, डीआर भारद्वाज, विशाल निगम, प्रताप चंद और दलजीत सिंह आदि ने अपने-अपने विभागों की जानकारी दी।

सड़कों में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़कें : राणा

हिमाचल दस्तक। सुजानपुर

सुजानपुर कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा ने बीरवार को विश्रामगृह सुजानपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज प्रदेश में सड़कों की हालत इतनी खराब है कि यह पहचानना मुश्किल है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है। संपर्क मार्ग की बात छोड़े नेशनल हाईवे भी सही नहीं है। विधायक ने कहा कि जयराम ठाकुर का विकास केवल अपने विधानसभा क्षेत्र सिराज तक ही सीमित होकर रह गया है। यही कारण है कि बदले की भावना से काम हो रहे हैं। प्रदेश की राजधानी में जो दफ्तर चल रहे हैं, उन्हें शिफ्ट करके मंडी में ले जाया जा रहा है। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र सुजानपुर शहर में प्रदेश पावर कॉरपोरेशन का कार्यालय उसे भी जयराम सरकार स्थानांतरण करके मंडी ले गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास के काम करना तो दूर जो कार्य पूर्व में रहे वीरभद्र सरकार ने शुरू किए थे, उन्हें भी दबाने का कार्य यह सरकार कर रही है। विकास कार्य की बात करें तो जब से प्रदेश में भाजपा सरकार सत्तासीन हुई है, सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में एक भी इंट विकास के नाम पर नहीं लगी है जो यह दर्शाता है कि यहां के भाजपा नेता या तो उनकी चलती नहीं या फिर वह इस विधानसभा क्षेत्र में कुछ करवाना नहीं चाहते। इस मौके पर सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष मनीष गुप्ता महासचिव डॉ. अशोक राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुषमा शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, पंचायती राज संगठन प्रभारी लेखराज ठाकुर और जिला परिषद सदस्य गौरा देवी के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

◆प्रदेश में सड़कों की खराब हालत को लेकर बोले विधायक

जयराम के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की लहर

हिमाचल दस्तक। नादौन

हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री का बदारन पंचायत के घमरु गांव में पहुंचने पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने इस दौरान गांव में लगे नए ट्रांसफॉर्मर का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अगुआई में प्रदेश भर में विकास की लहर है। नादौन विधानसभा क्षेत्र में भी सरकार द्वारा कई विकास कार्य करवाए जा रहे हैं जबकि कुछ का कार्य तो पूर्ण भी हो चुका है।

क्षेत्र भर में होने वाले विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। अग्निहोत्री ने कहा कि नादौन क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से विकास करवाया जा रहा है। कांग्रेस सरकार के समय जो विकास कार्य थम गए थे, उन्हें वर्तमान सरकार ने गति प्रदान की है।

गौर हो कि कुछ दिनों पूर्व क्वांट और घमरु गांव के लोगों ने यहां अक्सर होने वाली बिजली की समस्या का हल करवाने की मांग उपाध्यक्ष के सामने रखी थी। इसको उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवा दिया है। वीरवार को अग्निहोत्री ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद 25 केवी ट्रांसफॉर्मर का लोकार्पण किया। इस दौरान गांववासियों ने विजय अग्निहोत्री का इस कार्य केलिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष मंजीत ठाकुर, सोनू कुमार, सुनील कुमार, विजय कुमार, ध्यान चंद, कुलदीप, रणजीत सिंह, विपन, प्रीतम ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

◆ट्रांसफॉर्मर के शुभारंभ अवसर पर बोले विजय अग्निहोत्री

टिक्कर खतरियां में अब नहीं होगी पीने के पानी की समस्या

◆खराब पंप हाउस की चार लाख से की मरम्मत

हिमाचल दस्तक। टौणी देवी

टिक्कर खतरियां गांव में पीने के पानी की समस्या दूर हो गई है। सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग ने इस गांव के लिए बनाई गई पेयजल योजना के अधीन पटना नाला में खराब पड़े पंप हाउस को बदल दिया है। विभाग ने करीब 4 लाख खर्च कर इस पंप हाउस में सबमर्सिबल पंप 2 लगाकर इसमें आधुनिक तकनीक शामिल की है। एकमात्र गांव के लिए बनाई गई इस स्कीम के अधीन अब करीब 200 परिवार पीने के पानी से लाभान्वित होंगे। पिछले 2 वर्षों से खराब पड़े इस पंप हाउस के सुधार के लिए बार-बार लोगों ने मांग उठाई लेकिन विभाग बजट का प्रावधान नहीं कर सका। प्रदेश में मौजूद पूर्व सरकार के समय विभाग को किसी प्रकार का बजट नहीं मिला। लिहाजा इस पंप हाउस के अधीन आने वाले ग्रामीणों को पीने के पानी से वंचित रहना पड़ा।

गांव में पीने के पानी के लिए बने हालात में अब सुधार हो गया है। कनिष्ठ अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि खराब पड़े पंप हाउस पर करीब 4 लाख रुपए की राशि खर्च की है। अब इसमें सुधार कर दिया गया है। गांव में पीने के पानी की सप्लाई नियमित दी जा रही है।

भदरोल व मझियार में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हिमाचल दस्तक। नादौन

नादौन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भदरोल तथा मझियार में बीरवार को विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। गौर हो कि 3 नवंबर को ग्राम पंचायत करौर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरा में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य, बागवानी एवं सैनिक कल्याण मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित किए जा रहे जनमंच के लिए इन दोनों पंचायतों को भी चिह्नित किया गया है। सहायक आयुक्त विकास एवं खंड विकास अधिकारी नादौन पारस अग्रवाल ने ग्राम पंचायत भदरोल व मझियार में जारी विकास कार्यों का निरीक्षण किया। पशुपालन विभाग की ओर से पशु औषधालय सेरा का निरीक्षण किया गया। राज्य विद्युत बोर्ड की ओर से सेरा अनुभाग के जांगली गांव में मौसम के अनुरूप विद्युत तारों को दुरुस्त करने का कार्य किया गया तथा सेरा-दो में ट्रांसफार्मर भी दुरुस्त किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत मझियार व भदरोल में विभिन्न विभागों की ओर से जागरूकता शिविर भी लगाया गया। इसी प्रकार के शिविरों का आयोजन एक नवंबर को ग्राम पंचायत कोहला व कलूर में किया जाएगा।

अनदेखी के चलते बदहाली के आंसू बहा रहा कुआं

हिमाचल दस्तक। सुजानपुर



सावधान! इस कुएं की छत खराब हो गई है जो कभी भी गिर सकती है। ऐसे में इस पर आवाजाही न करें। यह चेतावनी भरी सूचना वार्ड नंबर 6 के लोगों ने अपने वार्ड में बने प्राकृतिक कुएं की दयनीय स्थिति पर लोगों को जागरूक करते हुए सार्वजनिक की है। बताते चलें कि एक तरफ प्रदेश सरकार और प्रशासन प्राकृतिक जल स्रोतों को बचाने की कवायद में लगा है, लेकिन सुजानपुर शहर के वार्ड नंबर 6 में बना प्राकृतिक पानी का कुआं आजकल दयनीय स्थिति में आ गया है। हजारों लोगों के गले तर करने वाला यह प्राकृतिक कुआं अपनी अनदेखी के चलते अपनी दुर्दशा पर बदहाली के आंसू बहा रहा है। बताते चलें कि सुजानपुर ऐतिहासिक नगरी महाराजा संसार चंद ने बनाई थी। उन्होंने शहर के हर वार्ड में जरूरत के मुताबिक पानी की कमी न रहे, इसके लिए कुओं का निर्माण करवाया था। वार्ड नंबर 6 का प्राचीन यह कुआं लोगों को पानी की सुविधा देता था लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति इसकी छत इसका लेंटल पूरी तरह गिरने के कगार पर पहुंच गया है। हादसा न हो इसके लिए चेतावनी भरा बोर्ड इस पर लगा दिया गया है। जहां जहां से कुएं की छत जर्जर हो गई है। वहां पर लाल झंडे लगा दिए गए हैं। कोई भी इसकी छत पर आवाजाही न करे अन्यथा कोई अनहोनी या दुर्घटना हो सकती है। लोगों की माने तो कुएं की दयनीय स्थिति को लेकर नगर परिषद सुजानपुर प्रशासन और सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के पास समस्या पहुंचाई गई है लेकिन अभी तक कोई भी समाधान नहीं हुआ है। समस्या को लेकर जब इसी वार्ड में रहने वाले अशोक मेहरा जो वर्तमान में नगर परिषद के अध्यक्ष है, ने बताया कि मरम्मत को लेकर नगर परिषद ने प्रस्ताव डालकर इसके लिए बजट का प्रावधान कर दिया है। शीघ्र ही ठेकेदार को कार्य देकर इसके जीर्णोद्धार का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

◆सुजानपुर के वार्ड नंबर 6 में लोगों ने लगाया चेतावनी बोर्ड

शुभारंभ 36वीं राज्य स्तरीय अंडर 14 दौड़ प्रतियोगिता शुरू

100 मीटर में हमीरपुर की अंबिका ने जीता गोल्ड

हिमाचल दस्तक। हमीपुर

विधायक नरेंद्र ठाकुर ने बीवार को डिग्री कॉलेज हमीरपुर के सिंथेटिक ट्रैक पर आयोजित छात्र व छात्राओं की दो दिवसीय 36वीं राज्य स्तरीय अंडर 14 दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 250 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि खेल जीवन के किसी क्षेत्र तक सीमित नहीं है। यह एक व्यक्ति को जीवनभर के लिए उपलब्धियों को प्रदान करता है। खिलाड़ी हमेशा अनुशासित और जीवन भर आत्मविश्वास से भरे रहते हैं और जीवन के कठिन संघर्षों में भी कभी निराश नहीं होते। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेलों से स्वस्थ योजना शुरू की जाएगी। इसके तहत हर जिला में बॉक्सिंग रिंग बनाया जाएगा, वहीं कबड्डी, कुश्ती और जूडो के मैट का प्रबंध भी किया जाएगा।

इससे खिलाड़ियों को घर-द्वार पर बेहतरीन खेल सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने इस अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का आह्वान किया ताकि प्रदेश को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने आजाद देश के प्रथम गृह मंत्री लौहपुरुष बल्लभभाई पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत को एक सूत्र में बांधने का पूरा श्रेय पटेल को है। इस अवसर पर नरेंद्र ठाकुर ने 100 मीटर रेस के विजेताओं को मेडल पहनाकर नवाजा।

लड़कियों में हमीरपुर की अंबिका राणा ने गोल्ड, शिमला की दिव्या में सिल्वर व किन्नौर की अंजली ने कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं लड़कों में शिमला के अनमोल ने गोल्ड, सिरमौर के आरभ ने सिल्वर व कांगड़ा के अक्षय ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रथम दो स्थानों पर रहने वाले खिलाड़ी नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष बलदेव धीमान, शिक्षा उप निदेशक प्रारंभिक बलवंत कुमार नड्डा व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

INOXWIND

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

सीआईएन: L31901HP2009PLC031083

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला ऊना –174303, हिमाचल प्रदेश, भारत; **टेलीफोन/फैक्स:** +91–1975–272001

ई–मेल: investors.iwl@inoxwind.com; वेबसाइट: www.inoxwind.com

सूचना

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 29 के साथ पठित नियमावली 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 8 नवम्बर 2019 को, अन्य बातों के अतिरिक्त, 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्ध वर्ष के अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन एवं अभिलेख में प्राप्त करने हेतु आयोजित की जायेगी।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com, BSE www.bseindia.com एवं NSE www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ता/–
दीपक बांगा
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 31 अक्टूबर, 2019